**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3254**
**उत्तर देने की तारीख- 16/12/2024**

**बिहार में केंद्रीय विश्वविद्यालय**

†3254. **श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**
**श्री मनोज कुमार:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्यों विशेषकर बिहार में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या बहुत कम है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार की प्रत्येक राज्य में उसकी जनसंख्या के अनुपात में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार बिहार और सासाराम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और स्थान क्या है और उक्त विश्वविद्यालय कब तक स्थापित होने की संभावना है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(**क**) **से** (**घ**): वर्तमान में, शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन 48 केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालयों ने अपने कार्यक्षेत्र विशिष्ट केन्द्रीय विश्वविद्यालय भी स्थापित किए हैं। बिहार में पहले से ही चार केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं, जिनमें दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया; महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी; नालंदा विश्वविद्यालय, नालंदा और डा राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर शामिल है। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को इस क्षेत्र में अन्य संस्थाओं को अकादमिक नेतृत्व प्रदान करने के लिए आदर्श संस्थानों के रूप में अधिक कार्य करने की परिकल्पना की गई है; जनसंख्या के अनुपात में या क्षेत्रीय आकांक्षा के अनुसार जरूरी नहीं है। गोवा को छोड़कर सभी राज्यों में कम से कम एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। 12वीं पंचवर्षीय योजना (वर्ष 2012-17) के बाद उच्चतर शिक्षा प्रणाली के समेकन पर बल दिया जा रहा है। विस्तार मुख्य रूप से नए संस्थानों की स्थापना के स्थान

पर मौजूदा संस्थानों की क्षमता को बढ़ाकर किया जाना था। इसके अतिरिक्त, शिक्षा समवर्ती सूची का विषय होने के कारण, राज्य सरकारें भी अपने-अपने राज्यों में उच्चतर शिक्षा तक अधिक पहुंच प्रदान करने के लिए विभिन्न पहलें कर रही हैं। तथापि, बिहार के लिए प्रधानमंत्री पैकेज, वर्ष 2015 में अन्य बातों के साथ-साथ भागलपुर के निकट विक्रमशिला के ऐतिहासिक स्थल पर एक नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान है। इस समय, सासाराम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

*****